(नियम 26)

बअदालत जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर

....................बलवन्त राय.........बनाम.............नागरराम उर्फ सोहनलाल उर्फ नागरमल आदि.............

RCMS 2016/00183

किस्म मुकदमा:–मुन्तकिली प्रकरण सं0:– 63/2016

अभिभाषक प्रार्थी श्री प्रेमप्रकाश मक्कड

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

तारीख हुक्म	कार्यवाही विवरण	नम्बर व तारीख
27–06–2016	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी के अभिभाषक श्री प्रेमप्रकाश मक्कड उपस्थित है। उन्हे सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी ने यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र उपखण्ड अधिकारी, श्रीकरनुपर के न्यायालय में लंबित अनवानी अपील नागरराम उर्फ सोहनलाल बनाम सरपंच ग्राम पंचायत 7एस प्रथम–वगैरा में निष्पक्ष न्याय न मिलने की संभावना को लेकर अन्यत्र सक्षम न्यायालय में मुन्तकिल करने के लिए यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 54 भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत दिनांक 17.02.2016 पेश किया है। चूंकि तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, श्रीकरनपुर का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है और वे कार्यमुक्त हो गये है। इसलिए यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र निष्प्रभावी अर्थात फलहीन हो गया है और इसी आधार पर खारिज करने योग्य है। उपरोक्त विवेचन के आधार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत मुन्तकिली प्रा0 पत्र निष्प्रभावी अर्थात फलहीन होने के कारण खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति उपखण्ड अधिकारी, श्रीकरनपुर को पालनार्थ भेजी जावें। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो। आदेश आज दिनांक 27.06.2016 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। (पी.सी.किशन) जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर	1197 29-6-16